# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा सूचना के डेढ़ घण्टे के अन्दर ग्राम महनगा से गुमशुदा 02 नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जी रही है।

दिनांक 14-07-2025 को थानाक्षेत्र के ग्राम महनगा निवासी श्री समीर व रामशंकर द्वारा लिखित सूचना दिया गया कि जीशान पुत्र समीर (10 वर्षीय) व अनूप पुत्र रामशंकर (11 वर्षीय) घर से दिनांक 14.07.2025 को बिना बताए कहीं गायब हो गये तथा काफी खोजबीन के बाद नहीं मिल रहे हैं। थाना सिद्धार्थनगर पर उनके पिता द्वारा दिये गये लिखित सूचना के आधार पर डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा सूचना के मात्र डेढ़ घंटे के अन्दर नाबालिग बच्चों को रेलवे स्टेशन सिद्धार्थनगर से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपूर्द किया गया।

पुलिस टीम का विवरण---

01.उ0 नि0 जालन्धर प्रसाद थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02.मु0आ0 संजय यादव, विनय यादव, प्रमोद ओझा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आ0 रामेश्वर यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

#SP_SDR के निर्देशन में,थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा दो गुमशुदा नाबालिग बच्चों को डेढ़ घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

@Uppolice

@digbasti

@AdgGkr

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ.अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन्स के बुद्धा कॉम्प्लेक्स में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित पैडागॉजी कोर्स शुदा निरीक्षक / उपनिरीक्षक प्रशिक्षकों की 04 दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।**

आज दिनांक 15.07.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस लाइन्स के बुद्धा कॉम्प्लेक्स में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित पैडागॉजी कोर्स शुदा निरीक्षक / उपनिरीक्षक प्रशिक्षकों की 04 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर मंयक द्विवेदी, व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 15.07.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे 02 मारपीट तथा शेष 08 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

## ◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व पवीन प्रकाश, क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण व अनूप मिश्रा थानाध्यक्ष थाना खेसरहा के नेतृत्व में आज दिनांक 15.07.2025 को खेसरहा पुलिस द्वारा वाद संख्या 474/08 ,धारा 323,504,506, भा0द0वि0 से संबंधित 01 वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये माननीय न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार वारण्टी का विवरण-

1.जलीमुन्निशा पत्नी इस्तेखार निवासी देवरी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 अजीत कुमार यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 नरसिंह यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
3.का0 विशाल सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
4.म0का0 रम्भा यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा चोरी के वांछित 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार तथा 04 नफर बालअपचारी को हिरसात में लिया गया।

◆कब्जे से 14 अदद एलईडी टीवी,33 अदद सीलिंग फैन, 26 अदद एलईडी बल्ब,01 अदद फोटोकापी मशीन,02 अदद सीपीयू,02 अदद मानीटर, 02 अदद कीबोर्ड,01 अदद माउस मय केबल,01 अदद हार्ड डिस्क,02 अदद बैटरी आदि बरामद।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 15.07.2025 को मु0अ0सं0 130/2025 धारा 305(ए),331(4),317(2) BNS से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार / तथा 04 नफर बालअपचारी को अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही किया जा रहा हैं।

**बरामदगी का विवरण-**

(1)-14 अदद एलईडी टीवी,33 अदद सीलिंग फैन,26 अदद एलईडी बल्ब,
(2)-01अदद फोटोकापी मशीन,02 अदद सीपीयू, 02 अदद मानीटर,
(3)-02 अदद कीबोर्ड,01 अदद माउस मय केबल,01 अदद हार्ड डिस्क,
(4)-02 अदद बैटरी, व 5200 रूपये नगद

**गिरफ्तार अभियुक्तगण / बालअपचारी का विवरण-**

01.इकरामुद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन निवासी विनयका थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।

**02.दुर्गेश रस्तोगी पुत्र सोहन रस्तोगी निवासी जगदीशपुर खुर्द थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.राजेश गुप्ता पुत्र जनार्दन गुप्ता निवासी महरिया थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04- चार नफर बालअपचारी।**

## गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधिकारी

**01.प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.उ0नि0 ग्यासुद्दीन खां,विनय कुमार सिंह, विजयशंकर सिंह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**03.मु0आ0 अनिल कुमार लाल,अशोक पासवान,हरिकेश यादव,जयप्रकाश ,संजय चौरसिया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

**04.का0 मनोज यादव,समरबहादुर यादव,शनि गुप्ता,आलोक कुमार, रोशन यादव थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा 10 बोरी यूरिया खाद व 01 साईकिल के साथ एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में रोहित कुमार उपाध्याय थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में आज दिनांक 15.07.2025 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा द्वारा 10 बोरी यूरिया खाद व 01 साईकिल के साथ एक अभियुक्त को ग्राम निरंजनपुर में चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया बरामद सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**अभियुक्त का नाम-**

अनरजीत पुत्र रामराज ग्राम पतीला बगही थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम -**

01.ASI/GD कमल किशोर SSB ककरहवा।

02.HC उमेश कुमार चौकी ककरहवा थाना मोहाना।

03.का० अनुराग तिवारी चौकी ककरहवा थाना मोहाना।

04. आ/सा नीरज वर्मा SSB ककरहवा।

05.आ/सा महिला कृष्णा कुमारी SSB ककरहवा।

# प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025  जनपद सिद्धार्थनगर

**◆यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान, दो पहिया पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाना, सड़को के किनारे अवैध अतिक्रमण हटवाने आदि के विरुद्ध  कार्यवाही की गयी।**

**आज दिनांक 15.07.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे, अरुणकांत सिंह क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में अमरेश कुमार प्रभारी यातायात मय टीम द्वारा पकड़ी तिराहा, सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, पावर हॉउस तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा एवं कस्बा बाँसी, डिड़ई आदि स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े बड़े वाहनों को जिनसे दुर्घटना की प्रबल संभावना/जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनका M. V. Act के तहत चालान कर हटवाया गया एवं विशेष चेकिंग अभियान के तहत  दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाने तथा चार पहिया वाहनों मे सीटबेल्ट का प्रयोग न करना,गलत दिशा मे वाहन चलाने वालो का चालान करने समेत कुल 77 वाहनों का चालान करते हुए ₹ 91,500/- रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।**

**प्रेस नोट दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा श्रावण मास व जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्ति, वाहनो की चेकिंग की गयी।**

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 15.07.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा त्यौहार श्रावण मास व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पर पैदल गश्त किया गया व विशेष चेकिंग अभियान दो पहिया पर तीन सवारी/बिना हेलमेट वाहन चलाना, गलत दिशा मे वाहन चलाने तथा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों की चेकिंग की गयी। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**

**प्रेस नोट- दिनांक 15.07.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना कपिलवस्तु पुलिस व एसएसबी के साथ थाना कपिलवस्तु के अलीगढ़वां भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 15.07.2025 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा आपरेशन कवच के तहत थाना कपिलवस्तु पुलिस व एसएसबी के साथ थाना कपिलवस्तु के अलीगढ़वा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त/चेकिंग किया गया और एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गयी।**